**विकास गुप्ता,** भा.प्र.से.
आयुक्त
**Vikas Gupta,** IAS
Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

**केन्द्रीय विद्यालय संगठन**
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
**Kendriya Vidyalaya Sangathan**
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016

# संदेश

शिक्षक दिवस 2026 के अवसर पर मैं देश के समस्त शिक्षक समुदाय को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

आज जब शिक्षा का क्षेत्र तीव्र गति से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, तब भी शिक्षण की मूल भावना और उसका सार शाश्वत है। देशभर के केन्द्रीय विद्यालयो मे हमारे शिक्षक पूर्ण समर्पण, प्रतिबद्धता और अटूट उत्साह के साथ शिक्षा के उद्देश्य को आगे बढ़ा रहे है।

हमारे शिक्षक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण को साकार करने, पीएम श्री की परिवर्तनकारी पहलो को आगे बढ़ाने, डिजिटल शिक्षण एव कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) को अपनाने, अनुभवात्मक एव दक्षता-आधारित अधिगम को बढ़ावा देने तथा 21वी सदी के शिक्षार्थियो की बदलती आवश्यकताओ के अनुरूप अपनी शिक्षण-पद्धतियो को निरतर समृद्ध करने मे अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

तकनीक भले ही कक्षाओ का स्वरूप बदल दे, शिक्षा के केद्र मे शिक्षक सदैव बने रहेगे।

भारतीय ज्ञान परपरा मे सदैव यह माना गया है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जित करना नही, बल्कि चरित्र, मूल्यों और विवेक का विकास करते हुए एक बेहतर मनुष्य बनना है। और इस परिवर्तन को सभव बनाने मे शिक्षक की भूमिका सर्वोपरि है।

वह शिक्षक जो किसी सघर्षरत विद्यार्थी की सहायता के लिए अतिरिक्त प्रयास करता है, सकोची बच्चे का उत्साह बढ़ाता है, किसी छिपी प्रतिभा को पहचानता है, अपने आचरण से सीख देता है और किसी युवा मन को कुछ बड़ा सोचने एव सपने देखने के लिए प्रेरित करता है - वह केवल शिक्षा में ही नही, बल्कि राष्ट्र-निर्माण में भी अपना अमूल्य योगदान देता है।

इस शिक्षक दिवस पर केन्द्रीय विद्यालय सगठन मुख्यालय अपने समस्त समर्पित शिक्षको के अथक प्रयासो और देश के बच्चो के भविष्य को आकार देने में उनके अमूल्य योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता है और उन्हे शुभकामनाएँ प्रेषित करता है।

तकनीक बदलती रहेगी, शिक्षा के तरीके भी बदलते रहेगे, लेकिन एक शिक्षक की भूमिका और उसका प्रभाव सदैव बना रहेगा।

शिक्षक दिवस 2026 की हार्दिक शुभकामनाएँ।

05 सितबर, 2026

(विकास गुप्ता)

011-26512579 www.kvsangathan.nic.in commissioner-kvs@gov.in @KVS_HQ @KVSHQ @kvshqr